प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– न्यूज़ीलैंड से आयात किए जाने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाने का मामला केंद्र के समक्ष उठाएगी प्रदेश सरकार।
- केंद्र सरकार ने ऊना के पंडोगा और सोलन ज़िले के परवाणू में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को दी मंजूरी।
- प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को होंगी एंटी चिट्टा ग्राम सभाएं।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल और दिशाहीन दिया करार।
- प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है लोहड़ी का पर्व।

बागवान–बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि न्यूज़ीलैंड से आयात किए जाने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने आज शिमला में बागवानों के प्रतिनिधियों और प्रगतिशील बागवानों के साथ हुई बैठक में बताया कि आयात शुल्क घटाने से बागवानों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेब प्रदेश की आर्थिकी का प्रमुख संसाधन है और इसका संरक्षण व संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे केन्द्रीय वित्त मंत्री और केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री से भेंट कर प्रदेश के बागवानों के हितों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करेंगे। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

मंजूरी

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना ज़िले के पंडोगा में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को मंजूरी दी है। इसका निर्माण करीब 10 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा परवाणू में भी टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को मंजूरी मिली है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इन टैक्नोलॉजी सैंटर्स के स्थापित होने से जहां औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं रोज़गार के नए अवसर भी सृजित होंगे। वहीं, राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने परवाणू में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात बताया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से सूक्ष्म व लघु उद्योगों को अधिक बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारियों को भी इसका सीधा लाभ होगा।

विक्रमादित्य सिंह

प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत के लिए 2 नई आधुनिक तकनीकों का पायलट प्रयोग शुरू किया गया है। शुरूआत में इन तकनीकों का प्रयोग शिमला के साथ लगती शोघी–मैहली सड़क पर किया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में बताया कि इन तकनीकों से सड़कें अधिक मज़बूत होने के साथ–साथ भारी यातायात के लिए भी सक्षम होंगी।

आरोप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश में जलशक्ति विभाग में करीब 36 करोड़ रूपये की पाईप खरीद मामले में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पाईप खरीद में आवश्यक निविदाओं को पारदर्शिता के साथ नहीं किया गया, जिससे बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। सुरेश कश्यप ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम सभा

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को एंटी चिट्टा ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इन सभाओं में चिट्टा से जुड़ी सूचनाओं की समीक्षा और इसमें फंसे युवाओं के पुनर्वास सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में एक बैठक में बताया कि चिट्टा के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आने वाले समय में राज्य में एंटी चिट्टा अवेयरनेस स्पोर्टस टूर्नामेंट भी करवाए जाएंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल और दिशाहीन करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मंत्रियों के बीच आपसी समन्वय के अभाव में. सरकार में पूरी तरह से अंतर्विरोध की स्थिति बनी हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक ओर जहां जनता विकास की राह देख रही है, वहीं सरकार के प्रतिनिधि एक–दूसरे के खिलाफ भड़ास निकालने में समय व्यर्थ कर रहे हैं, जो दुर्भायपूर्ण है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से प्रदेश पर कर्ज़ का बोझ बढ़ता जा रहा है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में चिन्हित एक सौ 48 ब्लैक स्पॉट में से एक सौ 47 को ठीक किया जा चुका है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं और यूनियनों को भी सुझाव देने के लिए प्रस्ताव भेजे जाएंगे। अग्निहोत्री ने कहा कि यदि एच.आर.टी.सी. के किसी रूट पर लगातार राजस्व नुकसान हो रहा है, तो उसकी समीक्षा की जाएगी।

लोहड़ी

प्रदेश में लोहड़ी का त्यौहार आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये पर्व उत्तर भारत के कई इलाकों में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट....

*लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध त्यौहार है। ये त्यौहार मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। लोहड़ी से जुड़ी सबसे प्रचलित परंपरा अलाव जलाने की रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक है। ये त्यौहार ज्यादातर फसलों की कटाई और खुशी से जुड़ा हुआ है। लोग शाम को अलाव जलाते हैं, पारंपरिक गीत गाते हैं और मिलजुलकर खुशियों के पल साझा करते हैं। यह त्यौहार आपसी प्रेम और एकता का संदेश भी देता है। इस बीच प्रदेश भर में कल मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी व मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएंगे।*

प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

बधाई

दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर और वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी प्रदेश के लोगों को लोहड़ी की बधाई दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उत्तर भारत की लोक संस्कृति, कृषि पंरपराओं और सामाजिक सौहार्द का उत्सव है। अपने बधाई संदेश में प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि ये पर्व भाईचारे, आपसी प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी लोगों को लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की बधाई दी है।

केवल सिंह

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार ने नशे के कारोबार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति अपनाई है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने धर्मशाला में बताया कि चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर 11 पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया जाना इस बात का प्रमाण है कि कानून सभी के लिए समान है। पठानिया ने युवाओं, अभिभावकों और आम नागरिकों से भी नशे के खिलाफ अभियान में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– न्यूज़ीलैंड से आयात किए जाने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाने का मामला केंद्र के समक्ष उठाएगी प्रदेश सरकार।

- केंद्र सरकार ने ऊना के पंडोगा और सोलन ज़िले के परवाणू में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को दी मंज़ूरी।
- प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को होंगी एंटी चिट्टा ग्राम सभाएं।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल और दिशाहीन दिया करार।
- प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है लोहड़ी का पर्व।

---------------------------------------------------------------------------------------------------